# Some myths and facts about cancer

Chandrakanti Devi Cancer Foundation
Towards A Cancer Free World

# क्या कैंसर लाईलाज रोग है

**<u>नहीं</u>**

No!

- यह सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि कैंसर का पता कितनी जल्दी की अवस्था में लगा है एवं इलाज कितना जल्दी शुरु हुआ है ।
- जितनी देर की अवस्था में बीमारी का पता चलेगा -पूरी तरह ठीक होने की सम्भावना उतनी ही कम होगी ।
- अगर प्रारंभिक अवस्था में कैंसर का पता चल जाए तो यह जड़ से खत्म हो सकता है ।

# क्या कैंसर छुआ-छूत से फैलने वाली या पारिवारिक या वंशानुगत बीमारी है?

* कैंसर छुआ-छूत या एक दूसरे से फैलने वाली बीमारी नहीं है।
* यह परिवार में चलने वाली बीमारी भी नहीं है।
* परिवार के अगर एक सदस्य को अगर कैंसर है तो ऐसा नहीं है कि बाकी सदस्यों को भी हो जाएगा।

कैंसर के मरीजों के साथ सहानुभूति रखें एवं उनकी हरसंभव सहायता का प्रयास करें। उनका सामाजिक बहिष्कार कदापि न करें।

याद रखें: किसी दिन आपको भी कैंसर हो सकता है।

Chandrakanti Devi Cancer Foundation
Towards A Cancer Free World

# क्या कैंसर का ईलाज खर्चीला है?

* कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें ज्यादातर मरीजों को एक से अधिक ईलाज के तरीकों (सर्जरी, केमोथेरेपी या रेडिएशन) की आवश्यकता होती है और ईलाज लम्बा चलता है इसलिए ईलाज का खर्च आम बीमरियों से ज्यादा होता है।
* कैंसर की दवाइयाँ आम दवाइयों से महंगी होती हैं।
* जितनी बडी अवस्था की या फैली हुई बीमारी होगी, ईलाज उतना ही महंगा होते जाता है

Chandrakanti Devi Cancer Foundation
Towards A Cancer Free World